तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 19 अप्रैल 2026

02 सीटू का तीन दिनी आंदोलन समाप्त अंतिम दिन ...

04 अंचल में 'अक्ती' की धूम: दल्लीराजहरा..







## खबर संक्षेप

### खड़े दो ट्रकों में अज्ञात व्यक्ति ने लगाई आग

**बालोद।** सामान खाली कर गांव में खाली जगह पर रखे दो ट्रक को किसी अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी, जिसके बाद पीड़ित चालक ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 326(एफ) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम भोईनापार निवासी कमलकांत यादव ने पुलिस को बताया कि मेरे ट्रक मालिक राजेन्द्र सलाम के 12 चक्का ट्रक क्रमांक सीजी 13 डब्लू 5101 को 12 अप्रैल को सुबह खाली ट्रक लेकर अपने गांव भोईनापार आया और हमेशा की तरह ट्रक को कलामंच के पास खडा किया था। दो दिन तक ट्रक मेरे गांव में ही खडी थी, 14 अप्रैल को रात्रि 11 बजे मै अपने ट्रक के पास ही था, उसी समय 14 चक्का ट्रक सीजी 08 एएन 5499 का चालक युवराज साहू जो कि हमारे गांव का ही रहने वाला है, वह भी अपने खाली ट्रक को लाकर मेरे गाडी के बगल में खडा कर दिया, मैं, मेरा कंडेक्टर धनेश्वर बंजारे व युवराज साहू रात्रि करीब 11.30 बजे अपने अपने घर चले गये, 15 अप्रैल के रात्रि करीबन 12.30 बजे हमारे गांव के मोहन मारकण्डे ने मुझे फोन करके बताया कि तुम्हारे ट्रक व तुम्हारे बगल में खडे ट्रक में आग लग गया है, तब मै तुरन्त अपने ट्रक के पास पहुचा, जहां युवराज साहू भी आ गया था, मैने देखा कि दोनो ट्रक मे आग लगा था व दोनो जल रहे थे। युवराज साहू के द्वारा फायर बिग्रेड को फोन करके बुलाया गया। गांव वालो के सहयोग से व फायर बिग्रेड से आग को बुझा कर देखा तो दोनो ट्रक के केबिन, इंजन तथा वायरिंग सिस्टम जल गया था, किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हमारे दोनो ट्रक में आग लगाने से ट्रक जला है।

### जनगणना 2027 के प्रथम चरण के लिए गुरूर में हुआ तीन दिनी प्रशिक्षण



**गुरूर।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकान की गणना के क्रियान्वयन के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। नगर पंचायत गुरुर के द्वारा जनगणना कर्मियों प्रगणक एवं पर्यवेक्षक के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन 15 अप्रैल से 17 अप्रैल तक सभागार नगर पंचायत गुरुर में किया गया। प्रभारी अधिकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत गुरुर श्रीनिवास पटेल के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मास्टर ट्रेनर के रूप में व्याख्याता दुर्गेश कुमार यादव एवं लकेश कुमार सिन्हा ने प्रशिक्षण प्रदान किया। जिसमें कुल 9 प्रगणक एवं 2 पर्यवेक्षक को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। भारत की जनगणना 2027 का प्रथम चरण 1 मई 2026 से 30 मई 2026 तक संपादित होगा।

### गंजईडीह जंगल में मिली युवक की लाश की हुई पहचान

**डौंडीलोहारा।** ग्राम गंजईडीह के जंगल में मिली लाश की पहचान 24 वर्षीय तुलेश्वर रात्रे, निवासी धनगांव (डौंडीलोहारा) के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि सोशल मीडिया में शव मिलने की जानकारी पर परिजनों ने पुलिस से संपर्क किया तथा मृतक की बाडी हाथ में बने बिच्छू के टैटू, चप्पल और कपड़ों से शिनाख्त की।युवक लगभग पंद्रह दिन से बिना बताए गायब ▶▶| शेष पेज 2 पर

## दुर्घटना : झलमला-रानीमाई मोड़ के पास देर रात हुआ हादसा

# चौथिया कार्यक्रम से लौट रही पिकअप पलटी, एक की मौत, कई गंभीर घायल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

**खास बातें**

- कई घायलों को किया गया रिफर, पुलिस जांच जारी
- 20 से अधिक लोग थे सवार, 10 बच्चे भी थे वाहन में सवार, बाल-बाल बचे

माल वाहक के पलटने से एक की मौत हो गई तथा कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीण माल वाहक से चौथीया कार्यक्रम से लौट रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार डौण्डी ब्लाक के ग्राम ढोर्रीठेमा से पीकअप में सवार होकर 20 से अधिक लोग धमतरी जिले के ग्राम भानपुरी चौथिया कार्यक्रम में सम्मिलित होने गए थे। चौथिया कार्यक्रम में सम्मिलित होने के बाद देर रात पीकअप से वापस आ रहे थे। इसी बीच ग्राम झलमला व रानीमाई मोड़ के पास पीकअप अचानक से पलट गया। जिसमे सवारघायल हो गए। जिन्हे 108 की सहायता से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां घायलो के ईलाज के दौरान एक गंभीर रूप से घायल व्यक्ति सुरेश यादव 46 वर्ष को मृत घोषित कर दिया गया। अन्य गंभीर रूप से घायलों को रिफर कर दिया गया है। हादसे के दौरान पिकअप में करीब 10 बच्चे भी सवार थे। बताते है के वाहन के बीच हिस्से में बैठे होने के कारण बच्चे सुरक्षित रहे, उन्हें मामूली चोटें आईं। वहीं दूसरी ओर कई युवकों को गंभीर चोटें लगीं, जिनमें कुछ के हाथ-पैर फ्रैक्चर हो गए। वही पुलिस जांच के बाद ही घटना का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

## लोकतंत्र की रक्षा में विपक्ष की भूमिका सराहनीय : भेड़िया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्ली राजहरा

संसद में हुए ताजा घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए विधायक अनिला भेड़िया ने विपक्ष की एकजुटता को लोकतंत्र और महिला अधिकारों की बड़ी जीत बताया है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक राजनीतिक घटनाक्रम नहीं, बल्कि संविधान की मूल भावना और जनभावनाओं की रक्षा का सशक्त उदाहरण है।



अनिला भेड़िया ने अपने बयान में स्पष्ट किया कि प्रस्तुत प्रस्तावित बिल महिला सशक्तिकरण के नाम पर लाया गया था, लेकिन इसके भीतर देश की राजनीतिक और निर्वाचन व्यवस्था में व्यापक बदलाव की मंशा छिपी हुई थी। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक ढांचे और संवैधानिक मूल्यों के लिए गंभीर चुनौती करार दिया।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस मुद्दे को वर्ष 2011 की जनगणना और परिसीमन से जोड़कर केंद्र सरकार द्वारा एक सुनियोजित राजनीतिक रणनीति बनाई गई थी, जिसका उद्देश्य जनता के बीच भ्रम फैलाना और महिला हितैषी छवि प्रस्तुत करना था। हालांकि, विपक्ष की सतर्कता और एकजुटता के कारण यह प्रयास सफल नहीं हो सका।

अनिला भेड़िया का कहना है कि आज का दिन लोकतंत्र के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। विपक्ष ने एकजुट होकर यह साबित किया है कि जब संविधान और जनता के अधिकारों पर खतरा होता है, तब सभी मतभेदों से ऊपर उठकर देशहित में खड़ा होना ही सच्ची जनसेवा है। महिला अधिकारों के नाम पर किसी भी तरह का राजनीतिक प्रयोग स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उन्होंने आगे कहा कि विपक्ष ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए यह सुनिश्चित किया कि लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर न पड़े। यह घटना देश की जनता को यह संदेश देती है कि लोकतंत्र में संतुलन और जवाबदेही बनाए रखने के लिए मजबूत विपक्ष अत्यंत आवश्यक है।

अंत में उन्होंने सभी विपक्षी सांसदों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सामूहिक प्रयासों ने संविधान की गरिमा को बनाए रखा है। यह एक सकारात्मक संकेत है कि भारत में लोकतंत्र जीवंत है और उसकी रक्षा के लिए हर स्तर पर सजगता बनी हुई है।

## सूने मकान से 5 लाख की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

वकील के सुने घर से अज्ञात चोर द्वारा पांच लाख के सोने चांदी व नकदी की चोरी कर ली गई। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम सांकरी निवासी नेमेश्वर प्रसाद सिन्हा ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में गुण्डरदेही व अर्जुन्दा में वकालत करता हूं। 16 अप्रैल को मैं नोटरी कार्य के लिये गुण्डरदेही तहसील कार्यालय गया था एवं मेरी पत्नी करीबन 10 बजे घर में ताला बंद कर शादी कार्यक्रम में कुसुमकसा गई हुई थी। मैं करीबन 03 बजे नोटरी कार्य हेतु तहसील कार्यालय अर्जुन्दा गया उसके बाद शादी कार्यक्रम में अर्जुन्दा में रूका हुआ था। 17 अप्रैल सुबह 05.30 बजे घर वापस आया और सामने गेट का ताला खोलकर अंदर गया तो अंदर मेन दरवाजा का ताला टूटा हुआ समान बिखरा हुआ पडा था,



तब मैं अपनी पत्नी शैल सिन्हा को फोन कर बताकर बुलाया हुं, आने के बाद देखने पर आलमारी में रखे सोने का गुलबंद (हार सेट) 01 नग, सोने का टाप्स एक जोडी व पुरानी इस्तेमाली सोने का टाप्स एक जोडी, सोने का चैन (कान का) एक जोडी, और चांदी का पायल एक जोडी, पुरानी इस्तेमाली चांदी का करधन एक नग, पायल एक जोडी, चाबी रिंग एवं चांदी का सिक्का 03 नग कुल कीमती 5,00,000 रूपये तथा नगदी रकम 32000 रूपये नहीं था, जिसे कोई अज्ञात चोर 16 अप्रैल के 10 बजे से 17 अप्रैल के 05.30 बजे के मध्य चोरी कर ले गया है।

## टिकेश्वरी लाल देशमुख दाऊ मन्दराजी लोक कला अवार्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

- नाचा शैली में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित
- शिक्षा, समाज सेवा और सांस्कृतिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य

भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा टिकेश्वरी लाल देशमुख को नाचा शैली में किए गए प्रयास एवं शैक्षणिक, साहित्यिक एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु डाउ मन्दराजी लोक कला अवार्ड प्रदान किया गया। यह सम्मान धमतरी में छत्तीसगढ़ के साहित्यकार, कलाकार, समाज सेवकों की विशेष उपस्थिति में प्रदान किया गया। ग़ौरतलब हो कि टिकेश्वरी लाल देशमुख लोक मंजरी भिलाई संस्था से नाट्य निर्देशन करते हुए नाचा शैली में ग़ममत के माध्यम से सामायिक विषयों को लोगों के सामने रखा, यह ही नहीं



ब्लकि तत्कालिक मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में शिक्षा, साक्षरता अभियान, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, अंध श्रद्धा उन्मूलन, स्वास्थ्य मितानिन कार्यक्रमों जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के लिए नाटकों के लेखन, निर्देशन एवं प्रदर्शन में विशेष भूमिका रही है। उनके द्वारा राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर किए गए शोध अध्यन जैसे राष्ट्रीय प्रशासन अकादेमी, राष्ट्रीय संसाधन केंद्रों एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के साथ साथ राज्य स्वास्थ्य संसाधन केंद्र, पंचायत ▶▶| शेष पेज 2 पर

## जल शक्ति अभियान के तहत केन्द्रीय आब्जर्वर ने गुरूर क्षेत्र के ग्रामों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- पोर्टल में दर्ज कार्यों का किया भौतिक सत्यापन
- तालाब, डबरी एवं मैजिक पिट निर्माण कार्यों की जांच
- अधिकारियों व पंचायत प्रतिनिधियों की रही मौजूदगी

भारत सरकार, जल शक्ति मंत्रलय की ओर से केन्द्रीय आब्जर्वर दिनेश कुमार कश्यप ने जनपद पंचायत गुरूर के दर्जनभर ग्रामों मे निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने ग्राम पंचायतों द्वारा जल शक्ति अभियान के अंतर्गत कराए गए कार्यों का पोर्टल में की गई एण्ट्री का भौतिक सत्यापन किया।

केन्द्रीय आब्जर्वर दिनेश कुमार कश्यप ने जनपद पंचायत गुरूर के ग्राम पंचायत अर्जुनी, रमतरा,



कपरमेटा, कोसमी, दरगहन, कनेरी, खर्रा, दर्रा, सरबदा, पेरपार, आमापानी, बोरिदकला, बासीन, सनौद, डोटोपार, अरकार का दौरा किया।

केन्द्रीय आब्जर्वर के द्वारा जल शक्ति अभियान के पोर्टल में पंचायत के द्वारा निर्माण कार्य एण्ट्री किये गये संरचनाओं का भौतिक सत्यापन किया गया। जिसमें मुख्यतः ट्रेन्च निर्माण, सोकपिट्स निर्माण, वाटर हार्वेस्टिंग संरचना, तालाब निर्माण, डबरी निर्माण, मैजिक पिट्स का निर्माण आदि कार्यो को देखा गया। केन्द्रीय आब्जर्वर के साथ वनविभाग के अधिकारी, जनपद पंचायत के तकनीकी सहायक संजीव कुमार, भुवनेश्वर साहु, रविशंकर, गजेन्द्र कुमार, ग्राम के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## सुबह 9:30 बजे बुलाए गए किसान, दोपहर 1 बजे पहुंचा ग्रेडर

# भाठागांव बी खरीदी केंद्र में अव्यवस्था, भीषण गर्मी में किसानों को करना पड़ा घंटों इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

- सरपंच के हस्तक्षेप के बाद शुरू हुई खरीदी प्रक्रिया
- साफ चना होने के बावजूद कई किसानों की उपज लेने से किया इनकार

भाठागांव बी सेवा सहकारी समिति केंद्र में किसानों को सुबह 9:30 बजे बुलाया गया था, किसान अपनी उपज चना लेकर भीषण गर्मी के चलते समय पर पहुंचे, परंतु किसानों को दोपहर 1 बजे तक ग्रेडर का इंतजार करना पड़ा, जिम्मेदार अपना पल्ला झड़ते रह। गुण्डरदेही ब्लॉक के



अंतर्गत सेवा सहकारी समिति चार जगह भरदा, कसौंद, गुण्डरदेही, भांठागांव बी मे रबी फसल की खरीदी का शुरुवात किया। जिसमे चना, ▶▶| शेष पेज 2 पर

### चना खरीदी में अव्यवस्था

किसानों ने आरोप लगाया कि समिति प्रबंधक ने किसानों को पूछा भी नहीं कि आखिर चना क्यों वापस ले जा रहे हो, इसका जिम्मेदार कौन होगा, किसान खरीदी केंद्र से साफ सुथरा चना वापस घर ले गए, किसानों को भ्रमित किया जा रहा था, खराब चना वापस आएगा तो उसका खर्च किसानों को देना पड़ेगा। समिति मे करीबन 103 किसान चना के लिए, 46 किसान सरसों व 3 किसान मसूर के लिए पंजीयन कराए थे, जिसमें 25 किसानों को चना लेकर बुलाया गया था, भीषण गमएँ के चलते चना खरीदी में अव्यवस्था के चलते किसानों को नाराजगी देखा गया। मीडिया के माध्यम से उक्त चना खरीदी केंद्र की जानकारी मौखिक रूप से एसडीएम, तहसीलदार, कृषि विभाग को उक्त विलंब की जानकारी दे दी गई है। इस अवसर पर डा नारायण साहू, दोषण साहू, पूर्व सरपंच सलौनी, के साथ हल्दी, माहूद, सलौनी, भांठागांव बी, बिरेतरा, सिकोसा मोंगरी एवं आसपास के ग्रामों के किसान उपस्थित रहे।

## जेल से छूटे आरोपी ने साथी की जमानत कराने का झांसा देकर परिवार से की 75 हजार की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- मोटरसाइकिल, मोबाइल और नगद लेकर फरार हुआ आरोपी

जेल में बंद आरोपी ने जेल से छुटने के बाद अपने साथी आरोपी को जेल से छुड़ाने के नाम पर परिवार के साथ 75,000 रूपये की धोखाधड़ी कर दिया। जिसके बाद जेल से छुटने के बाद पीड़ित आरोपी ने धोखाधड़ी करने वाले आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 420 आईपीसी के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम गोडरी पो. निपानी निवासी योगेश कुमार कोर्राम ने पुलिस को बताया कि मैं जुलाई 2022 से बालोद जेल में बंद था। जहां मेरी मुलाकात मरौदा जालबांधा खैरागढ निवासी डोमार चंदेल पिता मकुंदी राम चंदेल से हुई, जो बालोद थाना के धारा 420 के आरोप में बालोद जेल में बंद था, जो अगस्त 2023 में बालोद जेल से रिहा हुआ है, उसने मुझसे बातो बात में मेरे घर का पता पुछ लिया और जेल से छुटकर मेरे घर ग्राम गोडरी में माह अगस्त 2023 में जाकर मेरी मां देवन्तीन बाई से यह बोलकर कि योगेश का मैं जमानत करवा दूंगा, उसे जेल से छुडाना है, जेल से घर लाने के लिये मोटर सायकल सीजी 24 एफ 2784 व उसकी आर.सी. बुक, मोबाईल फोन वीवो वाई20 सिम और ▶▶| शेष पेज 2 पर

**खबर संक्षेप**

## सेवादल ने मनायाबाबा साहेब आंबेडकर की मनी जयंती




**भिलाई।** भिलाई शहर जिला कांग्रेस सेवादल के द्वारा सामाजिक न्याय के पुरोधा, भारतीय संविधान के शिल्पकार 'भारत रत्न' बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पावर हाउस चौक पर सर्वप्रथम वंदेमातरम गायन कर बाबा साहेब को माल्यार्पण कर सेवादल के सदस्यों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस सेवादल के महामंत्री संगठन प्रभारी राजेश प्रसाद गुप्ता, प्रदेश महामंत्री जेआर साहू, जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता महेश जयसवाल, प्रदेश सचिव लक्की नारायण सोनी, बलदेव मेहरा, संजय बंजारे, धनराज पारधे, कमल प्रसाद, अजय गौतम, दिलीप फ़ौजी, एमडी सलीम, श्रवण कुमार, कृष्णा देवांगन, महेश पटेल, एसटी नारायण उपस्थित थे।

**पेज 3 के शेष**

### टिकेश्वरी लाल देशमुख...

एवं ग्रामीण विकास संसाधन केंद्र जैसे विभिन्न आयोगों से जुड़कर प्रशिक्षण एवं कार्यक्रमों के उचित सहयोग प्रदान किया। इतना ही नहीं बल्कि उनका विभिन्न खेल संगठनों में रह कर स्थानीय खेलों को बढावा देने में विशेष योगदान रहा है। टिकेश्वरी लाल देशमुख को समाज सेवा क्षेत्रों में भारत की आज़ादी के 50 वे वर्षगांठ पर दिल्ली में आयोजित रजत जयंती के अवसर पर देश के 100 युवाओ में वह भी सम्मलित थे। जिन्हें युवा रत्न के रूप में सम्मानित किया गया। टिकेश्वरी देशमुख को इस अलंकरण के लिए अंचल के साहित्यकार, कलाकार,पत्रकार सहित विभिन्न लोगों ने उन्हें बधाई प्रस्तुत की।

### भाठागांव बी खरीदी...

मसूर, सरसों, खरीदी के लिए दपरोक्त सेवा सहकारी समिति को किसानों के सुविधा के लिए केंद्र बनाया गया। इंतजार कर रहे किसानों ने जब फोन लगाकर ग्रेडर से बात किया गया तो उनका जवाब था हमें चना खरीदी की जानकारी 12 बजे पता चला है, काफी विलंब से करीब 1 बजे पहुंचे, जिससे किसानों ने समिति प्रबंधक शंभू दास मानिकपुरी व ग्रेडर पर काफी नाराजगी जाहिर की। ग्राम पंचायत सरपंच दोषण साहू को जानकारी मिली तब जाकर मामला को शांत कर पूजा अर्चना कर विधिवत चना खरीदी की ग्रेडिंग की गई, परंतु किसानों के द्वारा लाया गया चना साफ सुथरा होने के बावजूद कई किसानों का चना लेने से इनकार किया गया, जिससे बसंत कुमार चंद्राकर को करीबन 5 क्विंटल चना नाराजगी के चलते वापस घर ले जाना पड़ा।

### जेल से छूटे आरोपी...

मेरे मां से नगदी तीस हजार रूपये एवं फोन पे के माध्यम से 9 नवम्बर 2023 को दस हजार रूपये डलवाकर धोखाधडी किया है। जिसकी जानकारी मुझे 24 जनवरी 2026 में जेल से छुटने के बाद हुआ, इस प्रकार डोमार चंदेल निवासी मरौद्धा जालबांधा खैरागढ के द्वारा धोखा देकर छल पूर्वक मोटर सायकल सीजी 24 एफ 2784 एवं दस्तावेज, वीवो वाई20 कम्पनी का मोबाईल सेट जिसमें जियो सिम था, तथा नगदी 30,000 रूपये फोन पे 10,000 रूपये कुल 75000 रूपये लेकर धोखाधडी किया है।

### गंजईडीह जंगल में...

था। संजारी थाना प्रभारी अरविंद कुमार साहू ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ होगी। पोस्टमार्टम के पश्चात 100 परिजनों को सौंप दी गई।

न्यायालय तहसीलदार गुरूर,
जिला-बालोद (छ.ग.)

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम ग्रामवासी गुरूर तहसील गुरूर जिला बालोद छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदक पुष्पलता टुवानी पति मनमोहन टुवानी जाति माहेश्वरी साकिन गुरूर तहसील गुरूर द्वारा आवेदन पेश कर लेख किया है कि ग्राम गुरूर पहनं. 21 तहसील गुरूर स्थित भूमि 143/5, 143/8, 143/6, 143/9, 143/21, 142/6 रकबा क्रमशः 0.02, 0.09, 0.02, 0.01, 0.01, 0.02 हे. कुल ख.नं. 06 कुल रकबा 0.17 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि से संबंधित ऋणपुस्तिका भाग 01 एवं 02 कहीं गुम हो गया है। जिसे सभी संभावित स्थानों पर यत्नपूर्वक तलाश किया गया लेकिन नहीं मिला तथा मिलने की संभावना नहीं है। आवेदिका डुप्लिकेट ऋणपुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु खाता बी-वन की नकल, शपथपत्र, थाना रिपोर्ट की प्रति, एवं चालान की प्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्ताशय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 22/04/2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति-दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति - दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
गुरूर, जिला-बालोद

**मांग : सुविधाओं में कटौती को लेकर प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी**

# सीटू का तीन दिनी आंदोलन समाप्त अंतिम दिन श्रमिकों का जोरदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



- टाउनशिप, माइंस अस्पताल और ठेका श्रमिकों की समस्याएं उठाई

तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन के अंतिम दिन 17 अप्रैल 2026 को हिंदुस्तान स्टील इंप्लाइज यूनियन (सीटू) के बैनर तले खदान के नियमित और ठेका श्रमिकों ने माइंस ऑफिस के सामने दिनभर जोरदार प्रदर्शन किया। भीषण गर्मी और 42 डिग्री तापमान के बावजूद श्रमिक अपनी मांगों को लेकर डटे रहे और प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान खदान के भीतर और बाहर व्याप्त अव्यवस्था, घटती सुविधाओं और प्रबंधन की कार्यशैली को लेकर गहरा आक्रोश देखने को मिला।

धरना स्थल पर बड़ी संख्या में जुटे श्रमिकों को संबोधित करते हुए यूनियन अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि विभागीय अधिकारियों के बीच खर्च कटौती की होड़ ने कर्मचारियों की मूलभूत सुविधाओं को भी प्रभावित कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि खदानों में स्वच्छ पेयजल, केंटीन व्यवस्था, विश्राम स्थल और कूलिंग सुविधाएं बेहद खराब स्थिति में हैं। मशीनों और वाहनों में एसी बंद पड़े हैं, जबकि अधिकारियों के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह असमानता श्रमिकों के साथ अन्याय है।

ज्ञानेंद्र सिंह ने यह भी कहा कि पिछले तीन वर्षों से नॉन-फाइनेंशियल रिवार्ड स्कीम बंद है, जिससे कर्मचारियों का मनोबल गिरा है। सुरक्षा व्यवस्था भी चिंताजनक बनी हुई है और दुर्घटनाओं पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रबंधन ने जल्द सकारात्मक पहल नहीं की, तो आंदोलन का अगला चरण और अधिक उग्र होगा।

यूनियन सचिव पुरुषोत्तम सिमैया ने टाउनशिप और माइंस हॉस्पिटल की बदहाल स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि अवैध कब्जों के कारण आवास व्यवस्था चरमराई हुई है। खाली पड़े मकानों को जरूरतमंद कर्मचारियों को आवंटित करने में भी प्रबंधन रुचि नहीं दिखा रहा। वहीं, माइंस अस्पताल की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि वह उपचार केंद्र के बजाय औपचारिकता बनकर रह गया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पूर्ण सुविधाओं से युक्त अस्पताल, विशेषज्ञ डॉक्टर और पर्याप्त स्टाफ की व्यवस्था अब अनिवार्य है।

संगठन सचिव आर. प्रकाश क्षत्रिय ने ठेका श्रमिकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि उत्पादन का बड़ा हिस्सा संभालने वाले ठेका श्रमिकों को ही सबसे ज्यादा उपेक्षा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आईपीडी सुविधा, डीएवी स्कूल में प्रवेश में प्राथमिकता, उचित वेतन, नाइट अलाउंस 180 रुपए और माइंस भत्ता 200 रुपए करने की मांग दोहराई। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगों की अनदेखी औद्योगिक असंतोष को जन्म दे सकती है।

धरना के समापन पर यूनियन ने मुख्य महाप्रबंधक को विस्तारित मांग पत्र सौंपा। संक्षिप्त चर्चा में यह सहमति बनी कि जल्द ही एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित कर सभी मुद्दों के समाधान की दिशा में ठोस पहल की जाएगी।

सीटू पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन केवल कुछ मांगों तक सीमित नहीं है, बल्कि खदान और टाउनशिप की समग्र व्यवस्था में सुधार के लिए चलाया जा रहा है। श्रमिकों का कहना है कि वे अपने अधिकारों और सम्मान के लिए अंतिम दम तक संघर्ष जारी रखेंगे।

## नगर की हर्षा देवांगन को 'समरस साहित्य शिरोमणि' सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

गुजरात के गांधीनगर में आयोजित 11वें राष्ट्रीय साहित्यिक अधिवेशन में बालोद जिले की कवियत्री हर्षा देवांगन 'हर्षराज' को 'समरस साहित्य शिरोमणि सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम समरस संस्थान साहित्य सृजन भारत द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया, जिसमें देश के 18 से अधिक राज्यों से साहित्यकार अपनी रचनाओं के साथ शामिल हुए।

छत्तीसगढ़ से कुल 6 साहित्यकारों ने इस अधिवेशन में भाग लिया। 12 अप्रैल 2026 को आयोजित सम्मान समारोह में हर्षा देवांगन को उनकी नारी विमर्श पर आधारित पुस्तक 'अपराजिता' के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. मुकेश व्यास ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि 'अपराजिता' समाज को नई दिशा देने वाली सशक्त रचना है। अधिवेशन के दौरान समरस साहित्यिक टीम ने अहमदाबाद स्थित एशिया के सबसे बड़े ब्लड बैंक का भ्रमण भी किया।

इस दौरान थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों का हालचाल जानकर कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित किया। इस राष्ट्रीय अधिवेशन में छत्तीसगढ़ से गजेंद्र हरिहारणों, अखिलेश मिश्रा, गायत्री साहू, रोहिणी पटेल, हरिप्रकाश गुप्ता और ममता यादव को भी सम्मानित किया गया। वहीं राजेंद्र देवांगन एवं पूर्णानंद साहू भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। हर्षा देवांगन की इस उपलब्धि पर नगरवासियों, साहित्य समिति बालोद-राजनांदगांव, देवांगन समाज के पदाधिकारियों सहित जिला देवांगन समाज बालोद के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# गोड़ेला स्कूल में माहवारी स्वच्छता और मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुंदा




- किशोरियों को माहवारी स्वच्छता व स्वास्थ्य की दी गई जानकारी

गुरु बालक दास शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गोडेला संकुल देवरी द, बालोद शिक्षिका प्रतिभा त्रिपाठी की मार्गदर्शन में माहवारी स्वच्छता व मानसिक स्वास्थ्य पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम रखा गया। जिस कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को माहवारी के दौरान स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी प्रदान करना था।

कार्यक्रम में और खुरसुनी स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर आर खुशबू, आरके देवांगन नर्स व गोडेला गांव की मितानीन वर्षा कुर्रे ने अपना सहयोग प्रदान किया। डॉक्टर आर खुशबू ने बताया कि माहवारी एक प्रा—तिक प्रक्रिया है और इसमें घबराने या शर्माने की आवश्यकता नहीं है। बालिकाओं को स्वच्छता बनाए रखने के लिए सैनिटरी पैड का उपयोग करने तथा उसे समय–समय पर बदलने की सलाह दी गई। साथ ही, उपयोग किए गए पैड को सही तरीके से निपटान डिस्पोज करने के निर्देश भी दिए गए।

शिक्षिका प्रतिभा त्रिपाठी के द्वारा बालिकाओं को सेनेटरी पैड का वितरण किया गया तथा उनके द्वारा शाला समय में भी बालिकाओं में इसके प्रति जानकारी प्रदान की जाती है। बालिकाओं को नियमित स्नान करने, साफ एवं सूती कपड़े पहनने तथा संतुलित आहार लेने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त, किसी भी प्रकार की समस्या होने पर शिक्षकों या अभिभावकों से खुलकर बात करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया।

साथ ही आर खुशबू ने केंद्र सरकार द्वारा लड़कियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए मुफ्त राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है उसके बारे में भी जानकारी प्रदान की गई व ब्रेस्ट कैसर की भी संक्षिप्त जानकारी प्रदान की गई।

विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में भी बताया गया व उन्होंने सकारात्मक सोच रखने, अपनी भावनाओं को साझा करने, पर्याप्त नींद लेने तथा पढ़ाई और खेल के बीच संतुलन बनाए रखने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में संदेश दिया गया कि सही जानकारी और स्वच्छता अपनाकर बालिकाएं स्वस्थ एवं आत्मविश्वासी जीवन जी सकती हैं।

# समान नागरिक संहिता व महिला आरक्षण लागू करने शिवसेना का आंदोलन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- महिला आरक्षण लागू करने जनजागरूकता अभियान चलाएगी शिवसेना
- प्रदेश प्रमुख परिहार ने किया आंदोलन का आगाज

समान नागरिक संहिता यूनिफार्म सिविल कोड और महिला आरक्षण विधेयक नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 को पूरे भारत मे लागू करने की मांग करते हुए शिवसेना के छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार द्वारा आंदोलन का आगाज किया गया।

शिवसेना पुर्व जिला अध्यक्ष विजय पारख ने कहा कि समान नागरिक संहिता शनैः शनैः आज देश के हर एक राज्य में लागू किया जा रहा है, जबकि राज्यों को इसे लागू करने में तत्परता दिखानी चाहिए थी। सभी धर्मों के लिए विरासत, विवाह, तलाक, गोद लेने के कानून और संपत्ति से संबंधित मामलों में समानता होनी चाहिए। एक देश एक कानून का विधान भारत की एकजुटता का परिचायक होगा। वहीं महिलाओं के सम्मान में देश की राजनीति में उन्हें 33 प्रतिशत का आरक्षण देना यह भारत के कानून और सामाजिक संरचना को मजबूत करने वाला विधेयक है।

विजय पारख ने कहा कि छत्तीसगढ़ में शिवसेना ने यूसीसी, सीएए, एनआरसी सहित महिलाओं को आरक्षण, गौ वंश संरक्षण महा हस्ताक्षर अभियान इसे लेकर पूरे प्रदेश में आंदोलन किया है। जिले की शिवसेना नेत्री ललिता देवांगन, प्रियंका साहू ने कहा महिला आरक्षण विधेयक देश में लागू हो इसके लिए शिवसेना जिले मे जन जागरण आंदोलन करने वाली है।

शिवसेना के इस राज्य व्यापी आंदोलन में बालोद जिले से शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ संजीव कुमार, जयप्रकाश चंद्राकर, बलराम साहू, हेमंत शर्मा हितेश पटेल, रामनारायण देवांगन, इलेश यादव, डीलेश देवांगन, राकेश कोरेटी, तोषण साहू, अ धि व क्ता बालमुकुंद अग्रवाल, रोशन ढीमर, दीनदयाल साहू, हर्ष शर्मा, अनिल ठाकुर, आनंद यादव, अनीता ठाकुर सहित अनेक शिवसैनिक अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# कसही में 'गो सम्मान दिवस' को लेकर आह्वान 27 अप्रैल को हस्ताक्षर अभियान की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी लोहारा



ग्राम पंचायत कसही (डौंडी लोहारा) में 27 अप्रैल 2026 को मनाए जाने वाले 'गो सम्मान दिवस' के तहत धर्म, आस्था एवं गो संरक्षण को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत गो माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने, गो हत्या एवं छेड़छाड़ करने वालों के विरुद्ध सख्त कानून बनाने तथा गो संरक्षण को बढ़ावा देने की मांग प्रमुख रूप से उठाई जा रही है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता गो प्रचारक एवं भोलाराम साहू ने कहा कि यह अभियान केवल छत्तीसगढ़ तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे भारत में व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लगभग 10,000 संत-महात्मा इस अभियान को सफल बनाने में जुटे हैं तथा छत्तीसगढ़ में इसका नेतृत्व संत श्री बालक दास महात्यागी द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सुरेश देवांगन लोहारा ने ग्रामवासियों से अपील की कि वे 27 अप्रैल, सोमवार को सुबह गायत्री मंदिर के पास अधिक से अधिक संख्या में एकत्रित हों और तहसील कार्यालय में हस्ताक्षरयुक्त आवेदन प्रस्तुत करें, ताकि यह संदेश शासन-प्रशासन तक पहुंच सके। उन्होंने गो सेवा को परम सेवा बताया।

महावीर कलिहारी (ओबीसी महासभा, छत्तीसगढ़) ने कहा कि गो माता में तैंतीस कोटि देवी-देवताओं का वास माना जाता है। वहीं उपसरपंच नरेन्द्र साहू ने गो सेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गो माता की सेवा से सुख, समृद्धि एवं मोक्ष की प्राप्ति होती है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. धर्मेंद्र साहू (समाजसेवी) एवं कृपा राम साहू (उपाध्यक्ष, सर्वोदय मंडल) ने किया। इस अवसर पर रोहित चंदन मलागर, घनश्याम सोनबेर, मोहित सोरी, पुनित, गैंदलाल, खेमन, टेकराम कुंजाम, राममिलन, यशवंत साहू, कांति कलिहारी, लक्ष्मी, शुकारो साहू, सरोज साहू, घनश्याम कुंजाम, ढेलू, ज्योति मसीह सहित पंचायत प्रतिनिधि, महिला समूह एवं ग्राम के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अभियान के सफल आयोजन हेतु ग्रामवासियों से सक्रिय सहभागिता की अपील की गई है

# डौंडीलोहारा स्कूल में विद्यार्थियों ने बनाए पारंपरिक व्यंजन, नवाचार की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



शासकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा में कक्षा 11वीं विज्ञान के छात्र-छात्राओं द्वारा एक अनूठी और प्रेरणादायी पहल देखने को मिली। विगत तीन वर्षों से प्रायोगिक परीक्षा के अवसर पर विद्यार्थी अपने हाथों से बनाए विभिन्न व्यंजन शाला में लेकर आते हैं, जिनका शिक्षकों द्वारा अवलोकन करने के साथ स्वाद भी चखा जाता है। इस वर्ष विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजनों के साथ-साथ दक्षिण भारतीय व्यंजनों का भी आकर्षक प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों द्वारा खीर, पूरी, सोहारी, ठेठरी, चौसेला, चना, खुरमी, हलवा, अरसा और इडली जैसे स्वादिष्ट पकवान प्रस्तुत किए गए। शिक्षकों ने व्यंजनों का आनंद लेते हुए बच्चों से उनके नाम, सामग्री और बनाने की विधि के बारे में सहज एवं रोचक अंदाज में प्रश्न पूछे। इस नवाचारी प्रयास की सभी ने मुक्तकंठ से सराहना की।

प्राचार्य श्री वी. के. भंडारी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि स्वादिष्ट भोजन बनाना भी एक महत्वपूर्ण कला है। उन्होंने कहा कि लड़का हो या लड़की, सभी को भोजन बनाना आना चाहिए ताकि भविष्य में उच्च शिक्षा या नौकरी के लिए बाहर जाने पर किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

सुश्री एनुका शार्वा ने बताया कि प्रत्येक बच्चे का अलग-अलग शौक और हुनर होता है, इसलिए सभी को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां परीक्षा के भय को कम करने और बच्चों के मन को तरोताजा रखने में सहायक होती हैं।

इस पहल की प्रेरणा हेमंत साहू द्वारा दी गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता एल. के. ठाकुर, डी. आर. साहू, आर. एस. देशमुख, डुप्ले साहू, संगीता वैद्य, पुष्पा कटेंद्र, हेमपुष्पा नाईक, रीना मंडल एवं कपिल पटेल उपस्थित रहे।

## 100% अंकों की गूंज: फिजिक्स वाला छात्रों की सीबीएसई 10वीं बोर्ड 2026 में रिकॉर्ड सफलता

**भिलाई।** फिज़िक्स वाला (पीडब्ल्यू) के लिए आज का दिन गर्व और उत्सव का रहा, जब इसके कई विद्यार्थियों ने (सीबीएसई) कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उच्च अंक प्राप्त किए। इनमें कुछ विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत (100%) अंक हासिल कर देश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में पंजाब के फाजिल्का से वैभवअरोड़ा, गुजरात के अहमदाबाद से अमोलिक पंडिता और ओडिशा के भुवनेश्वर से आयुष्मान महापात्रा शामिल हैं, जिन्होंने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर देश में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त, पीडब्ल्यू विद्यापीठ, जो फिज़िक्स वाला के तकनीक-सक्षम ऑफ लाइन केंद्र हैं, ने भिलाई में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया। शहर के उन पीडब्ल्यू छात्रों को सम्मानित किया गया। जिन्होंने सीबीएसई कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में कुशाग्र गुप्ता (97.80%) और आशुतोष दुबे (97.40%) जैसे कई नाम शामिल थे। अपने अनुभव साझा करते हुए वैभव अरोड़ा ने कहा कि नियमित तैयारी, सतत अभ्यास और स्कूल व पीडब्ल्यू शिक्षकों के मार्गदर्शन ने मुझे पूर्ण अंक प्राप्त करने में मदद की।"



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130






# अंचल में 'अक्ती' की धूम: दल्लीराजहरा की गलियों में गूंजेगी गुड्डा-गुड़िया की शादी की शहनाई, परंपरा उत्साह का संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

छत्तीसगढ़ के प्रमुख लोकपर्व 'अक्ती' (अक्षय तृतीया) को लेकर दल्लीराजहरा सहित पूरे क्षेत्र में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इस पर्व की सबसे अनोखी पहचान गुड्डा-गुड़िया के पारंपरिक विवाह से जुड़ी है, जिसमें बच्चे पूरे रीति-रिवाज के साथ अपने खिलौनों का विवाह रचाते हैं। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और आज भी लोगों के दिलों में अपनी खास जगह बनाए हुए है।

- नई पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ रही परंपरा
- हल्दी-तेल से लेकर फेरे और विदाई तक निभाई जाती हैं रस्में

अक्ती पर्व की तैयारियां कई दिनों पहले ही शुरू हो जाती हैं। बच्चे बाजार से गुड्डा-गुड़िया खरीदकर उन्हें दूल्हा-दुल्हन की तरह सजाते हैं। घरों में हल्दी, तेल, श्रृंगार और सजावट की तैयारियों के साथ उत्सव जैसा माहौल बन जाता है। परिवार के बड़े-बुजुर्ग भी बच्चों के साथ मिलकर इस आयोजन को यादगार बनाते हैं। छत्तीसगढ़ की मान्यता के अनुसार, अक्षय तृतीया के दिन विवाह करना अत्यंत शुभ माना जाता है। जिन परिवारों में विवाह योग्य युवक-युवती होते हैं, वहां इस दिन उनके विवाह की परंपरा निभाई जाती है। वहीं, जिन घरों में ऐसा संभव नहीं होता, वहां बच्चे गुड्डा-गुड़िया का विवाह कर इस परंपरा को जीवंत रखते हैं। गुड्डा-गुड़िया विवाह में सभी पारंपरिक



रस्में पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ निभाई जाती हैं। हल्दी-तेल की रस्म, दूल्हा-दुल्हन का श्रृंगार, बारात, फेरे और विदाई जैसे सभी चरण बच्चों द्वारा बड़े उत्साह से किए जाते हैं। इस दौरान गीत-संगीत और हंसी-खुशी का माहौल पूरे घर और मोहल्ले को उत्सवमय बना देता है। यह परंपरा केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से बच्चों को अपनी संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक रीति-रिवाजों की गहरी समझ मिलती है। दल्लीराजहरा सहित छत्तीसगढ़ में अक्ती पर होने वाला यह गुड्डा-गुड़िया विवाह न केवल परंपरा का प्रतीक है, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम भी है।

## दल्लीराजहरा में अक्षय तृतीया पर शहनाइयों की गूंज, सैकड़ों विवाहों से शहर में उत्सव जैसा माहौल बनेगा




**दल्लीराजहरा।** वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर मनाए जाने वाले अक्षय तृतीया पर्व को लेकर दल्लीराजहरा सहित आसपास के क्षेत्र में इस वर्ष जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इस शुभ अवसर पर बड़ी संख्या में विवाह समारोह आयोजित होने जा रहे हैं, जिससे पूरा शहर उत्सव के रंग में सराबोर नजर आ रहा है। अक्षय तृतीया को सनातन परंपरा में अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दिन बिना किसी विशेष मुहूर्त के भी विवाह, गृह प्रवेश, सोना खरीदने और नए कार्यों की शुरुआत शुभ मानी जाती है। इसी कारण इस बार भी बड़ी संख्या में परिवारों ने इस तिथि को विवाह के लिए चुना है।

दल्लीराजहरा शहर के होटल, रेस्टोरेंट, रिसॉर्ट, मंगल भवन और टाउन हॉल सहित सभी प्रमुख आयोजन स्थल पहले से बुक हो चुके हैं। कई स्थानों पर एक ही दिन में एक से अधिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किए जाने की तैयारी है। सजावट, लाइटिंग और खानपान की भव्य तैयारियां पूरे जोरों पर हैं।

होटल स्टील सिटी के संचालक प्रवीण जैन ने बताया कि अक्षय तृतीया को लेकर पिछले कई दिनों से लगातार बुकिंग हो रही थी और अब लगभग सभी हॉल फुल हैं। इस बार विवाहों की संख्या पिछले वर्षों की तुलना में अधिक नजर आ रही है। एक रिसॉर्ट संचालक शमशेर बहादुर सिंह के अनुसार, लोगों में अब ओपन स्पेस और डेस्टिनेशन वेडिंग जैसा माहौल बनाने का रुझान बढ़ा है, जिसके चलते रिसॉर्ट्स की मांग काफी बढ़ी है। बैंड-बाजा संचालकों उपेन्द्र कुमार, आकाश कुमार, रोहित का कहना है कि उनकी सभी टीमें पहले से बुक हैं और कई जगहों पर अतिरिक्त कलाकारों की व्यवस्था करनी पड़ रही है। इस बार बारातों में पारंपरिक धुनों के साथ आधुनिक संगीत की भी विशेष मांग है। हलवाई व्यवसाय से जुड़े एक कारीगर सुमीत महाराज ने बताया कि मिठाइयों और व्यंजनों के बड़े ऑर्डर मिल रहे हैं। खासकर काजू कतली, लड्डू, पेड़ा और विशेष विवाह व्यंजन की मांग अधिक है, जिसके लिए दिन-रात तैयारी चल रही है। पायल ज्वेलर्स संदीप गोगड़ के अनुसार, अक्षय तृतीया के चलते सोने-चांदी की खरीदारी में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। विवाह और शुभ मुहूर्त को ध्यान में रखते हुए लोग आभूषणों की खरीदारी को प्राथमिकता दे रहे हैं। प्रेम शुक्ला ,सनत पाठक पंडितों का कहना है कि इस बार विवाहों की संख्या अधिक होने से एक ही दिन में कई कार्यक्रम संपन्न कराने पड़ रहे हैं। समय प्रबंधन एक बड़ी चुनौती है, फिर भी सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से करने का प्रयास किया जा रहा है।

### घर-आंगन में खुशियों की रौनक

*विवाह वाले घरों में भी उत्साह चरम पर है। मेहंदी, संगीत, हल्दी और अन्य पारंपरिक रस्मों की धूम मची हुई है। रिश्तेदारों और मेहमानों की आवाजाही से घर-आंगन गुलजार हो गए हैं और हर ओर खुशियों का माहौल है। अक्षय तृतीया के अवसर पर दल्लीराजहरा में धार्मिक आस्था, सामाजिक उत्सव और आर्थिक गतिविधियों का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। यह पर्व न केवल परंपराओं को सशक्त बना रहा है, बल्कि स्थानीय व्यापार और रोजगार को भी नई ऊर्जा दे रहा है।*

## खबर संक्षेप

### गौ सम्मान आह्वान अभियान में बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल



**गुण्डरदेही।** गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत गुण्डरदेही के वार्ड क्रमांक तीन व चार में शुक्रवार को गौ सम्मान अभियान चलाया गया। जहां बड़ी संख्या मे लोग इस अभियान मे जुड़ रहे है। गौ सेवको ने बताया कि 27 अप्रैल को तहसील कार्यालय गुण्डरदेही में 11 बजे महामहिम राष्ट्रपति, राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने वृहद रैली निकाली जाएगी।

### बेलमाण्ड में पांच दिनी रामायण प्रवचन, पंडवानी कार्यक्रम भी होंगे

**बालोद।** ग्राम बेलमाण्ड में पांच दिवसीय रामायण प्रवचन महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन 5 मई से 9 मई तक शीतला मंदिर प्रांगण में किया गया है। जिसकी प्रवचनकर्ता गिरजा देवी शर्मा, कुसुमकसा बालोद होंगी। कार्यक्रम दोपहर 4 बजे से 5:30 बजे तक होगा, वही 5, 6 व 7 मई को रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक मुक्तवीर पंडवानी मंडली पंडवानी गायक प्रहलाद निषाद का कार्यक्रम रखा गया है। उपरोक्त जानकारी कन्हैया लाल साहू ने दी।

### दो दिनी सदगुरु कबीर साहेब सत्संग समारोह 21 से

**बालोद।** ग्राम हीरापुर में दो दिवसीय सदगुरु कबीर साहेब सत्संग समारोह का आयोजन 21 व 22 अप्रैल को किया गया है। जिसमे 21 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से गुरु महिमा पाठ से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। जिसमे महंत हरीश पंडा माधवगढ़ मध्य प्रदेश के आए हुए संत महंत द्वारा भजन सत्संग प्रस्तुत किया जाएगा। वही 22 अप्रैल को प्रातः 8 बजे से गुरु महिमा पाठ महंत हरीश पंडा द्वारा एवं आमिन माता द्वारा एवं संत महंत द्वारा भजन सत्संग दोपहर 12 बजे सुलक्षणा गुरु माता सतगुरु कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा जिला बलौदा बाजार छत्तीसगढ़ द्वारा प्रथम बार आगमन तत्पश्चात आशीर्वचन दर्शन लाभ एवं भेंट बंदगी का कार्यक्रम होगा। उपरोक्त जानकारी कौशल साहू ने दी।

### अंबेडकर जयंती पर मट्ठा वितरण

**भिलाई।** भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में मंडल कांग्रेस कमेटी चरोदा के तत्वाधान में रेलवे संस्कृतिक भवन संविधान चौक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा मट्ठा वितरण किया गया। इस दौरान अंबेडकर जयंती के अवसर पर शोभा यात्रा में शामिल हुए। कार्यक्रम में जी जगदीश्वर राव, पार्षद एम जॉनी , संगीत सोरी विनोद समेत अन्य मौजूद थे।

## निधन

### झम्मू लाल साहू



**लाटाबोड़।** ग्राम लाटाबोड़ निवासी झम्मू लाल साहू 87 वर्षीय का निधन शनिवार हो गया है। वे धरम साहू के बड़े भाई एवं कश्चित साहू के पिता थे। उनकी अंत्योष्ठी कार्यक्रम में ग्रामीण सहित सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## भीषण गर्मी में बिजली की आंख मिचौली से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

अप्रैल महीने में सूरज की तेज किरणे 43 डिग्री सेल्सियस तापमान दिन में कहर ढहा रही है, इधर आए दिन ओवरलोड, लो वोल्टेज, शॉट सर्किट के कारण बिजली की आंख मिचौली, बंद होने से परेशान है। गौर हो कि विकासखंड गुण्डरदेही के ग्राम पंचायत गोड़ेला में दो ट्रांसफर है, जिसमें गोड़ेला के वार्ड नंबर 03 में लगा पुराना ट्रांसफर की गर्मी में सांसे फूलने लगती व ग्रिप सहित केबल काफी पुराने व क्षतिग्रस्त हो चुके है।

- बार-बार शिकायत के बाद भी समस्या जस की तस
- पुराने ट्रांसफार्मर और जर्जर केबल से आपूर्ति प्रभावित

ग्रामीण सहित ग्राम सरपंच वागीश बंजारे व वरिष्ठ ग्रामीण भोज राम चंद्राकर ने बताया कि कई बार अधिकारियों को बिजली समस्या के संबंध मे आवेदन पत्र देकर थक गए, लेकिन समस्या जस की तस बनी है, परीक्षा व गर्मी में ग्रामीण बहुत परेशान हो जाते है।

वही आश्रित ग्राम खुरसीपार के पारख साहू ने कहा कि खुरसीपार में लो वोल्टेज की समस्या का निदान नहीं हो रहा है, कूलर, पंखे तो कई बार चलते ही नहीं है, लगता है कि जिले के आखरी गांव होने के कारण अधिकारियों के कदम नहीं पड़ने से बेबस ग्रामीणों की सुध भी अधिकारी नहीं लेते हैं।

वही वरिष्ठ संत राम हरमुख ने कहा कि खारा पानी के कारण ग्रामीण परेशान रहते है, इसलिए एक नया ट्रांसफार्मर लगाया जाए तो ग्रामीणों को नल जल में मीठा पानी पर्याप्त मिल सके, उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाए ताकि ग्रामीणों को पर्याप्त बिजली मिले, हम फ़िर से कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत करने जायेंगे। अर्जुन्दा सब स्टेशन जेई हुमेंद्र करपाल ने बताया शिकायत मिलते ही सुधार के लिए टीम गोड़ेला भेज दिया गया।

## कबीरपंथी साहू समाज ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से की मुलाकात



**बालोद/सिकोसा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन डॉ रमन सिंह से कबीरपंथी कलंगपुर साहू समाज द्वारा मुलाकात कर सत्संग भवन आश्रम एवं साहित्य अध्ययन केंद्र के रूप में राशि आवंटित करने की मांग की गई है, ताकि समाज में जो भटकाव की स्थिति में जो लोग रह रहे हैं, वह अन्य धर्म या पथ पर ना जाएं और मुख्य धारा में शामिल रहें।

रामीणों ने कहा सत्संग भवन के बननें से विभिन्न संतों का आगमन समय-समय पर होता रहेगा, जिससे किसी भी प्रकार से तकलीफ में रह रहे व्यक्ति को संत जनों का उपदेश सुनने से सही रास्ते में चलने की सीख मिलेगी, इसके साथ ही श्री जोगीमठ सेवा समिति के द्वारा प्रसिद्ध जोगी मठ स्थल को पर्यटन स्थल घोषित करने की मांग की गई। जिस पर अध्यक्ष ने सभी बातों को गंभीरता से सुना और उचित सहयोग का भरोसा दिलाया।

इस अवसर पर कबीर पंथ साहू समाज आयोजन समिति के अध्यक्ष जिला बालोद सतीश साहू, सचिव घनाराम साहू, संरक्षक सदस्य बल्दु राम साहू कार्यकारिणी सदस्य भीखाराम साहू एवं बुधारूप राम साहू विशेष रूप से उपस्थित थे।

## संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती पर उमड़ा जनसैलाब, 5 हजार से अधिक समाजजन शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




जिले में संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती श्रद्धा, उत्साह एवं सामाजिक एकता के साथ मनाई गई। जिसमें लगभग 5000 से अधिक स्वजातीय समाजजनों की उपस्थिति रही।

- कलश यात्रा और शोभायात्रा ने बनाया भक्तिमय माहौल

जिले के विभिन्न ग्रामों से बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चों ने भाग लेकर सामाजिक समरसता का उदाहरण प्रस्तुत किया। भीषण गर्मी के बावजूद समाजजनों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना से हुई, जिसके पश्चात कलश यात्रा एवं शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्र में बच्चों ने हनुमान जी, नारायणी माता एवं सेन जी महाराज के दिव्य स्वरूप धारण कर रथ में नगर के मुख्य मार्गों से भ्रमण किया, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

इसके उपरांत डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं कर्पूरी ठाकुर के तैल चित्रें पर पुष्पांजलि अर्पित कर समाजजनों ने उन्हें श्रद्धा से नमन किया।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, नगर पालिका अध्यक्ष तोरन साहू, जिला महामंत्री सौरभ लुनिया, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष श्याम जायसवाल, एडीशनल एसपी एसटीएफ ओमप्रकाश सेन, ईडीएम इंद्रजीत सेन, पूर्व विधायक जनक ठाकुर सहित विभिन्न समाजों एवं संगठनों के पदाधिकारी शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आयोजन सेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष पुनित सेन एवं जिलाध्यक्ष संतोष कौशिक के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर सेन समाज के 50 बालक-बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। साथ ही समाज के मेधावी प्रतिभाओं का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। हालांकि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन की अनुपस्थिति से समाज में कुछ निराशा का वातावरण रहा, किंतु उनकी व्यस्तता को समाजजनों ने सहर्ष स्वीकार किया।

कार्यक्रम में महिला पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही। जिला, ब्लॉक एवं सभी इकाई स्तर के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

समग्र रूप से संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती बालोद जिले में अभूतपूर्व उत्साह, एकता और श्रद्धा के साथ मनाई गई।

## खड़ी ट्रक से 220 लीटर डीजल चोरी, अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज

**बालोद।** रात में खड़ी ट्रक से अज्ञात चोर द्वारा 220 लीटर डीजल की चोरी कर ली गई। जिसके बाद पीड़ित चालक के द्वारा अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया गया है। जिसमे पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम बोरतलाव थाना बोरतलाव जिला राजनांदगांव निवासी विजय सहारे ने पुलिस को बताया कि ट्रक क्रमांक सीजी 08 एएच 9611 में मेरे मालिक द्वारा 218 लीटर डीजल भरवाया गया था तथा पूर्व बचत 32 लीटर डीजल था, जो कुल 250 लीटर डीजल ट्रक में भरा हुआ था, जिसे लेकर राजनांदगांव से जगतरा होते हुये जगदलपुर जा रहा था, रात्रि में थकान लगने से अपने साथी भूपेन्द्र कुमार साहू के साथ अपने ट्रक को बाजार चौक ग्राम जगतरा में रात्रि करीबन 01 बजे खड़ी कर सो गये। मेरे ट्रक मे लगभग 30 लीटर डीजल खपत होने के बाद टंकी में कुल 220 लीटर डीजल शेश था तथा डीजल टंकी के ऊपर ढक्कन में ताला लगा हुआ था। प्रातः सोकर ऊठा तो मेरे ट्रक के डीजल टंकी का ताला व ढक्कन टुटा हुआ नीचे पड़ा था, डीजल टंकी के अंदर देखा तो डीजल नहीं था, किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा कुल 220 लीटर डीजल कीमती 20,900 रूपये को चोरी कर ले गया है।

## बटेरा में नंदी को दी गई श्रद्धा पूर्वक विदाई

**डौंडीलोहारा।** बटेरा ग्राम में एक विशेष भावनात्मक दृश्य उस समय देखने को मिला, जब गांव के पूजनीय सांड (नंदी) की मृत्यु के बाद पूरे ग्रामवासियों ने मिलकर उसे परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ अंतिम विदाई दी। यह नंदी वर्षों से गांव में विचरण कर रहा था और ग्रामीणों के लिए आस्था तथा श्रद्धा का केंद्र बन चुका था। उसकी सेवा और देखभाल ग्राम के लोग अपने परिवार के सदस्य की तरह करते थे। नंदी की मृत्यु की खबर जैसे ही गांव में फैली, शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से अंतिम संस्कार की तैयारियां कीं। विधिवत पूजा-अर्चना कर,



फूल-मालाओं से सुसज्जित कर नंदी को सम्मानपूर्वक अंतिम यात्रा के लिए निकाला गया। इस दौरान महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने नम आंखों से नंदी को श्रद्धांजलि अर्पित की। अंतिम यात्रा में भजन-कीर्तन के साथ "हर-हर महादेव" के जयकारे लगाए गए, जिससे वातावरण श्रद्धामय हो गया। ग्रामीणों ने नंदी को भगवान शिव का वाहन मानते हुए पूरे सम्मान और आस्था के साथ अंतिम संस्कार संपन्न किया। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठजनों ने बताया कि नंदी केवल एक पशु नहीं, बल्कि गांव की आस्था और संस्कृति का प्रतीक था। उसकी सेवा करना पुण्य का कार्य माना जाता था। नंदी की इस प्रकार सम्मानजनक विदाई ने ग्रामवासियों की एकजुटता, धार्मिक भावना और पशु प्रेम का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया।

## आदिवासी गोंडवाना समाज के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक संगीता से की सौजन्य मुलाकात

**गुरूर।** विधायक कार्यालय गुरूर में विधायक संगीता सिन्हा एवं पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा से आदिवासी गोंडवाना समाज के प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने 10 मई को होने वाले आदिवासी गोंडवाना सेवा समिति तहसील गुरूर के वार्षिक अधिवेशन के



लिए अतिथि के रूप में आमंत्रित किया, विधायक ने समाज के आमंत्रण को स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में शामिल होने की अपनी सहमति दी। इस अवसर समाज के तहसील अध्यक्ष उत्तरा मरकाम, सचिव शैलेन्द्र सोरी, कोषाध्यक्ष गुलेंद्र कतलाम, परिक्षेत्र अध्यक्ष मेहतर नेताम, ठाकुर राम मंडावी, गणेश नेताम उपस्थित थे।

## बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती समारोह मनाई



**अंडा।** अर्जुंदा ब्लॉक के ग्राम गब्दी में कोसरिया महार समाज परिक्षेत्र गुंडरदेही द्वारा आयोजित भारत रत्न, संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती समारोह में गुंडरदेही विधानसभा के लोकप्रिय विधायक कुंवर सिंह निषाद शामिल होकर बाबा साहेब के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। विधायक जी ने कहा की बाबा साहेब द्वारा रचित संविधान ने हर भारतीय को समानता, स्वतंत्रता और गरिमा के साथ जीने का अधिकार दिया है।उनके सिद्धांत—शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो आज भी हम सभी का मार्गदर्शन करते हैं।बाबा साहब का जीवन हमें सामाजिक सद्भाव, समानता और न्याय का मार्ग दिखाता है। आइए, हम सभी उनके विचारों को अपनाते हुए समाज में भाईचारा, समरसता और एकता को मजबूत करने का संकल्प लें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ललिता भूआर्य सदस्य जनपद पंचायत गुंडरदेही, कीर्तन देवदास सरपंच संतोषी सिन्हा आकाश सिन्हा, प्रमिला बाई सिन्हा, वीरेंद्र देवांगन सहित सामाजिक जन एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज


डिंपल्स कॉस्मेटिक सर्जरी द्वारा गालों में स्थायी डिंपल्स
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9424201700

THE BEST TREATMENT FOR
KIDNEY STONES WITH LITHOTRIPSY
• No incisions
• No pain
• No bleeding
• No hospital stay
Get back to your normal life
Get the best treatment for kidney stones
(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411